Roll No. ........................
20000 130/100/75/50

# NE-154

## July – August 2024
## B. Com. I Year (4 Y. D. C.) Examination

प्रथम प्रश्नपत्र : वित्तीय लेखांकन
**Paper I : FINANCIAL ACCOUNTING**
(मुख्य Major)

Time 3 Hours] [Max. Marks 70
[Min. Marks 25

नोट : सभी खण्ड अनिवार्य हैं। सभी के लिए अंक विभाजन योजना प्रश्नपत्र में दर्शाये अनुसार होगी। दृष्टि बाधित छात्रों के लिए 60 मिनिट अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
विश्वविद्यालय के पास अंक विभाजन के परिवर्तन का अधिकार सुरक्षित है।

**Each section is compulsory. The marks distribution is same as shown in the question paper. The blind students will be given 60 minutes extra time.**
**University has all rights to change the distribution of marks.**

खण्ड अ : वस्तुनिष्ठ प्रश्न **Section A : Objective Question** 6×1=6

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
**All questions are compulsory.**

1. रोकड़ स्तम्भ का शेष होता है :
(अ) हमेशा डेबिट (ब) हमेशा क्रेडिट (स) डेबिट अथवा क्रेडिट (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
The balance of Cash Column is :
(a) Always debit (b) Always credit (c) Debit or Credit (d) None of the above.

2. शाखा खाता में सम्मिलित नहीं होगा :
(अ) मुख्यालय को प्रेषित राशि (ब) अन्तिम स्कन्ध
(स) मुख्य कार्यालय को लौटाया माल (द) अशोध्य ऋण।
Will not be included in Branch Account :
(a) Remittance to HO (b) Closing stock
(c) Goods returned to the head office (d) Bad debts.

3. भविष्य में वसूल किये जाने वाले लघुकार्य को दर्शाते हैं :
(अ) व्यापारिक खाते में (ब) लाभ-हानि खाते में (स) आर्थिक चिट्ठे में (द) इनमें से कोई नहीं।
Short working recoverable in future are shown in the :
(a) Trading A/c (b) Profit and Loss A/c (c) Balance Sheet (d) None of these.

4. प्रेषणी को भेजे गये माल पर ............... का स्वामित्व होता है :
(अ) प्रेषक (ब) प्रेषणी (स) क्रेता (द) देनदार।
The owner of the goods consigned to consignee is ............ :
(a) Consignor (b) Consignee (c) Purchaser (d) Debtors.

5. वसूली खाता है :
(अ) वास्तविक खाता (ब) व्यक्तिगत खाता (स) नाममात्र का खाता (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
Realisation Account is a :
(a) Real Account (b) Personal A/c (c) Nominal Account (d) None of the above.

6. टैली में काम करने का प्रथम चरण है :
(अ) खाते बनाना (ब) समूह बनाना (स) कम्पनी बनाना (द) स्टॉक समूह बनाना।
The first step to use Tally :
(a) Creation of account (b) Creation of groups
(c) Creation of company (d) Creation of stock groups.

**खण्ड ब : लघुउत्तरीय प्रश्न Section B : Short Answer Question** 5×8=40

**नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**All questions are compulsory.**

1. खुदरा रोकड़ की अग्रदाय प्रणाली क्या है ?
What is the imprest system of Petty Cash ?

अथवा OR

सम्पत्ति एवं दायित्वों को चिट्ठे में लिखने के क्रम को समझाइये।
Explain Marshalling of Assets and Liabilities for the preparation of Balance Sheet.

2. ह्रास लगाने की वार्षिकी विधि को समझाइये।
Explain the Annuity Method of charging depreciation.

अथवा OR

अन्तःशाखा व्यवहार को समझाइये।
Explain Inter Branch Transactions.

3. विभिन्न प्रकार के अधिकार शुल्क को समझाइये।
Explain different types of Royalties.

अथवा OR

शाखा तथा विभागीय लेखों में अन्तर समझाइये।
Explain the difference between Branch and Departmental Accounts.

4. प्रेषण स्कन्ध के मूल्यांकन की विधि समझाइये।
Discuss the method of valuation of Consignment Stock.

अथवा OR

ब्याज सहित एवं ब्याज रहित क्रय-विक्रय को समझाइये।
Explain Cum-interest and Ex-interest Purchase and Sale.

5. वसूली खाते से आप क्या समझते हैं ?
What do you understand by Realisation Account ?

अथवा OR

कम्प्यूटरीकृत खातों की किन्हीं पांच विशेषताओं को समझाइये।
Enumerate any five characteristics of Computerized Accounts.

**खण्ड स : दीर्घउत्तरीय प्रश्न Section C : Long Answer Question** 2×12=24

**नोट : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**
**Answer any two questions.**

1. "लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों को एकरूपता और तुलनात्मकता प्रदान करते हैं।" वर्णन कीजिये।
"Accounting standards ensure the consistency and comparability of Financial Statement." Explain.

2. किरण लिमिटेड ने 1 अप्रैल, 2015 को एक मशीन 2,00,000 ₹ में क्रय की। इसकी मरम्मत एवं नवीनीकरण पर इसके जीवनकाल में 20,000 ₹ व्यय होने का अनुमान है। इस मशीन का जीवनकाल 3 वर्ष है। इसका अवशिष्ट मूल्य 40,000 ₹ प्राप्त होने की आशा है। मरम्मत एवं नवीनीकरण पर द्वितीय वर्ष में 7,500 ₹ तथा तृतीय वर्ष में 10,000 ₹ वास्तव में व्यय हुए। तीसरे वर्ष में अवशिष्ट राशि 38,000 ₹ वसूल हुई।

मशीन खाता तथा ह्रास, मरम्मत एवं नवकरण कोष खाता बनाइये।

Kiran Ltd. purchased a machine on 1st April, 2015 for ₹ 2,00,000. It is estimated that ₹ 20,000 will be spent on repairs and renewals of this machine during its lifetime, life of this machine is three years. Its scrape value is expected to ₹ 40,000. Amount spent on repairs and removals are in the second year ₹ 7,500 and third year ₹ 10,000. At the end of third year scrape value realized ₹ 38,000.

Prepare Machine Account and Depreciation, Repairs and Renewal Fund Account in the books of Kiran Ltd.

3. निम्नांकित विवरण से विभागीय व्यापार लेखा बनाइये। प्रत्येक दशा में सकल लाभ की दर समान है :
Prepare Departmental Trading Account from the following particulars. Rate of Gross Profit is same in each case :

| विभाग (Department) | X इकाईयां (Units) | Y इकाईयां (Units) | Z इकाईयां (Units) |
|---|---|---|---|
| क्रय (Purchase) | 2,500 | 3,000 | 4,000 |
| अन्तिम स्कन्ध (Closing Stock) | 400 | 500 | 600 |
| विक्रय (Sales) | 2,300 | 3,200 | 3,800 |
| विक्रय मूल्य प्रति इकाई (Selling Price Per Unit) | ₹ 20 | ₹ 30 | ₹ 40 |

तीनों विभागों के क्रय की कुल लागत 2,40,000 ₹ है।
The total cost of purchases of all the three departments is ₹ 2,40,000.

4. कानपुर के X ने पूना के Y को 540 पुस्तकें 500 ₹ प्रति पुस्तक की दर से प्रेषण पर भेजी, जिस पर उन्होंने 1,440 ₹ रेल भाड़ा तथा अन्य व्यय 720 ₹ किये। Y ने 270 पुस्तकें 700 ₹ प्रति पुस्तक की दर से उधार एवं 162 पुस्तकें 650 ₹ प्रति पुस्तक की दर से नकद बेची। Y ने 1,26,000 ₹ का एक बैंक ड्राफ्ट अग्रिम भेजा। उसने 900 ₹ भाड़ा चुकाकर माल प्राप्त किया। उन्हें विक्रय पर 10% सामान्य एवं 2% परिशोध कमीशन प्राप्त करने का अधिकार हैं। Y ने शेष राशि का बैंक ड्राफ्ट X को भेजा। किरण की पुस्तकों मे जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिये।
X of Kanpur sent 540 books @ ₹ 500 per book to Y of Pune on consignment. He paid ₹ 1,440 as freight and ₹ 720 as other expenses. Y sold 270 books @ ₹ 700 per book on credit and 162 books @ ₹ 650 per book for cash. He sent a bank draft of ₹ 1,26,000 to X for advance. He paid ₹ 900 for carriage. He is entitled to a commission of 10% on sales and del credere commission of 2% also. He remitted the balance amount by bank draft to X. Give necessary Journal Entries in the Books of X.

5. X, Y तथा Z क्रमशः 3:2:1 के अनुपात में साझेदार हैं। उन्होंने फर्म का विघटन किया। उनकी पूंजी उस दिन क्रमशः 4,000, 15,000 तथा 10,000 ₹ थी। लाभ-हानि खाते का डेबिट शेष 12,000 ₹ था। नकद रोकड़ शेष 600 ₹ था। फर्नीचर Z ने पुस्तकीय मूल्य 3,000 ₹ में किया। अन्य सम्पत्तियों की बिक्री से 11,800 ₹ प्राप्त हुए। विविध लेनदार 5,000 ₹ के थे जिनका पूर्ण भुगतान किया। X दिवालिया हुआ उसकी निजी सम्पत्ति निजी दायित्वों को चुकाने के लिये पर्याप्त नहीं थी। फर्म की पुस्तकें बन्द करने के लिये आवश्यक खाते बनाइये।
X, Y and Z are partners in the ratio of 3:2:1. They decided to dissolve their business. There capitals stand at ₹ 4,000, 15,000 and 10,000 respectively. Cash balance is ₹ 600. Debit balance of profit and losses is ₹ 12,000. Furniture is taken by Z at its book value of ₹ 3,000, other assets were sold for cash and realized ₹ 11,800. Sundry creditors were ₹ 5,000 and the amount was paid in full. X become insolvent even to pay off his own private liabilities . Prepare necessary accounts to close the books of the firm.

--------------